आईआईएम ने यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम 2.0 लॉन्च किया

- रूरल इमर्शन बूटकैंप का आयोजन 21 से 24 दिसंबर तक होगा
- 9वीं से 12वीं या किसी समकक्ष शैक्षिक कार्यक्रम में नामांकित छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम, रांची ने गुरुवार को यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम की शुरुआत की। रूरल इमर्शन बूटकैंप 21 से 24 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान आईआईएम और रसाबेड़ा ग्राम समिति के बीच एमओयू हुआ। इसके तहत यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम के पहले संस्करण से रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में संग्रह हुए 1.8 लाख रूपए की राशी ग्रामिणों को दी गई।

इस राशि से रसाबेड़ा में ग्राम विकास योजना को विकसित करने और लागू करने में सहायता मिलेगी। डायरेक्टर प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम से छात्रों के साथ-साथ समाज के बेहतरी में भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा दूसरे देशों के छात्र भी भाग लेंगे। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की समस्या और चुनौतियों तथा समाधान पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 9वीं से 12वीं या किसी समकक्ष शैक्षिक कार्यक्रम में नामांकित छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। मौके पर संस्थान के प्रो गौरव मराठे, जयंत त्रिपाठी सहित ग्रामीण उपस्थित रथे।

Hindustan, 13.10.2023, Pg.8